LIFESAVING SOCIETY®
*The Lifeguarding Experts*

ओंटारियो

प्रिय पालक/अभिभावक,

आपके बच्चे का स्कूल दि लाइफ़सेविंग सोसायटी द्वारा स्कूल में आयोजित किए जा रहे ***Swim to Survive*® *Plus*** कार्यक्रम में हिस्सा ले रहा है. *Swim to Survive+* ग्रेड 3 में प्रदान किए गए प्रशिक्षण *Swim to Survive*® कार्यक्रम पर आधारित है, जो गहरे पानी में अचानक गिर जाने पर जान बचाने के तीन महत्वपूर्ण कौशलों पर केंद्रित है:

गहरे पानी में **रोल** करना, 1 मिनट तक **आगे** बढ़ना और 50 मीटर तक **तैरना**.

***Swim to Survive*+** वास्तविक जीवन में पानी में डूबने से बचने और किसी डूबते हुए दोस्त की सुरक्षित ढंग से मदद करने के गुर सिखाता है. इससे उन्हें पानी के आस-पास ख़ुद को सुरक्षित रखने के लिए सही फ़ैसला लेने में मदद मिलती है.

इस कार्यक्रम के 3 हिस्से हैं,

1. कपड़े पहनकर Swim to Survive स्टैंडर्ड पूरा करना
2. ख़ुद को ख़तरे में न डालते हुए गहरे पानी में गिरे किसी दोस्त को बचाने में मदद करना
3. फ़िटनेस तैराकी पूरी करना

Swim to Survive+ कार्यक्रम को प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल के समय में तैराकी सीखने से संबंधित कम निर्देश देने के जवाब में विकसित किया गया है. दि लाइफ़सेविंग सोसायटी इस बात से अवगत है कि बहुत से बच्चों को तैराकी सीखने का मौका नहीं मिलता और जीवनरक्षक तैराकी का निर्देश पानी के आस-पास सुरक्षित रहने का ***पहला*** चरण है.

अगर आप हमारे कार्यक्रमों से परिचित नहीं हैं, तो मैं आपको ***YouTube पर हमारा Swim to Survive वीडियो*** देखने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ. वह आपको http://www.youtube.com/user/OntarioLifesaving पर मिलेगा. इस वीडियो में कक्षा 3 के छात्रों को Swim to Survive कौशल सीखते हुए दिखाया गया है. यह 8 अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध है. Swim to Survive+ इसी कार्यक्रम पर आधारित है.

कृपया संलग्न अनुमति फ़ॉर्म पर हस्ताक्षर करें. आपके बच्चे को स्विमिंग पूल में कपड़े ले कर आने के कहा जाएगा. कृपया सुनिश्चित कर लें कि वे जो कपड़े ले कर आएँ, वे पानी में गीले होते हैं. उन्हें एक टॉप (लंबी आस्तीन वाला हो, तो बेहतर है) और एक जोड़ी पैंट (लेगिंग्स, पायजामे पैंट, स्वेट पैंट आदि.) ले कर आना होगा.

अगर आपको और जानकारी चाहिए या फिर इस जीवन रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में कोई परश्न पूछना चाहते हैं, तो 416-490-8844 पर मुझसे सीधे संपकर करें या swimtosurvive@lifeguarding.com पर ई-मेल भेजें.

आपकी,

लोकिशक ण समन्वयक डॉ.

रजिस्टर्ड चैरिटी संख्या 10809 7270 R0001

400 Consumers Road
Toronto, Ontario M2J 1P8 Canada

**टेलीफ़ोन: 416-490-8844 फ़ैक्स: 416-490-8766**
**ई-मेल: experts@lifeguarding.com**
**www.lifesavingsociety.com**